Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष-28 अंक 198 जगदलपुर, मंगलवार, 05 मई 2026 पृष्ठ- 8 मूल्य- ₹ 2.50 ● जगदलपुर ● रायपुर ● बिलासपुर से प्रकाशित

## ब्रेकिंग न्यूज

### शिक्षक और क्लर्क गिरफ्तार, फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर वसूले थे डेढ़ करोड़ रुपए



रायपुर, 05 मई (हाईवे चैनल)। फर्जी नियुक्ति आदेश जारी कर 3 दर्जन पीड़ितों से करोड़ों रूपये ठगी करने वाले शिक्षक और क्लर्क गिरफ्तार किए गए है, प्रार्थी राजपाल बघेल सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल को थाना राखी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के नाम से 5 मार्च का एक फर्जी आदेश, जिसमें परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा दर्शायी गई थी, सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। उक्त आदेश में सचिव एवं उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया था। साथ ही उक्त फर्जी आदेश के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे अनाधिकृत रूप से धन की मांग एवं वसूली की जा रही है।

### सुखबासुपारा में नलकूप खनन से दूर हुई पेयजल समस्या

रायपुर, 05 मई (हाईवे चैनल)। प्रदेश में बढ़ती भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सपघरा के सुखबासुपारा में नलकूप खनन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्रामीणों ने सीएम कैंप कार्यालय बगिया में आवेदन देकर पेयजल समस्या के समाधान की मांग की थी। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने नलकूप खनन कराया, जिससे अब ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल गई है। नलकूप शुरू होने के साथ ही गांव में खुशी का माहौल है। अब लोगों को पानी के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस त्वरित पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रशासन का आभार जताते हुए इसे भीषण गर्मी के बीच बड़ी सौगात बताया है।

### डेढ़ सौ हाथियों का डेरा, रायगढ़ में धान और मक्का फसल किया बर्बाद

रायगढ़, 05 मई (हाईवे चैनल)। जिले में हाथियों की मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। जिले में 130 से अधिक हाथियों का मूवमेंट दर्ज किया गया है। रात होने के बाद हाथियों के झुंड किसानों के खेतों में पहुंच रहे हैं। रविवार रात धर्मजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में लगभग 15 किसानों की धान और मक्का की फसल को हाथियों ने खाकर और पैरों से रौंदकर नष्ट कर दिया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। रायगढ़ वन मंडल में 38 और धर्मजयगढ़ वन मंडल में 94 हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है। रविवार रात धर्मजयगढ़ रेंज के आमगांव में हाथियों का दल खेतों तक पहुंचा, जहां उन्होंने 5 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया।

## पीएम ने बताया ऐतिहासिक जीत

# बंगाल में 9 मई को होगा नई सरकार का शपथग्रहण

नई दिल्ली, 05 मई (एजेंसी)। बंगाल में चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख भी तय हो गई है। बंगाल बीजेपी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने घोषणा की है कि 9 मई को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, बंगाल के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसे लंबे समय से पूर्वी भारत में विपक्ष का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। नए मुख्यमंत्री का शपथग्रहण 9 मई को होगा। बंगाल में 9 मई इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती भी है। बंगाल भाजपा अध्यक्ष ने एलान किया कि उसी दिन भाजपा का कोई नेता बंगाल सीएम पद की शपथ लेगा।

बंगाल में बीजेपी को मिली प्रंचड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बंगाल के लिए एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। पीएम मोदी ने जीत के बाद नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगे का ध्यान बदले पर नहीं, बदलाव पर होना चाहिए। पीएम मोदी ने राजनीतिक हिंसा को समाप्त करने का आह्वान करते हुए विकासोन्मुखी राजनीति की ओर बढ़ने का आग्रह किया। गौरतलब है कि इस बार बंगाल में बीजेपी को प्रचंड जीत मिली है। बंगाल में बीजेपी ने 206 सीटों पर चुनाव जीता है। वहीं, ममता बनर्जी की टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गई। ममता बनर्जी खुद की सीट पर भी चुनाव हार गईं।



***ममता बनर्जी का रिटायरमेंट***

बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार और हाई प्रोफाइल भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने के बाद भाजपा नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि यह बहुत जरूरी था। सुवेंदु ने कहा कि यह ममता बनर्जी का राजनीति से रिटायरमेंट है। 2021 में नंदीग्राम के बाद इस बार वे अपनी घर की सीट भवानीपुर में 15,000 से ज्यादा वोटों से हार गईं।

### सीएम पद के लिए 5 नाम दौड़ में आगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार कहा था कि अगर बीजेपी सत्ता में आती है, तो कोई बंगाली ही मुख्यमंत्री बनेगा। बता दें कि, बीजेपी ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को सबसे आगे रखा था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि पार्टी किसी महिला को मुख्यमंत्री बना सकती है।

***शुभेंदु अधिकारी-***
एक समय में ममता बनर्जी के करीबी रहे शुभेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री पद के टॉप दावेदारों में से एक हैं। शुभेंदु अधिकारी के पास जमीनी पकड़ और मजबूत सांगठनिक नेटवर्क है। 2021 में उन्होंने नंदीग्राम में ममता बनर्जी को हरा करा चौंका दिया था। हालांकि, नारदा स्टिंग मामले में उनका नाम शामिल रहा, जो मुख्यमंत्री बनने की राह में उनके लिए रुकावट बन सकता है।

***दिलीप घोष-***
2021 में बीजेपी को मुख्य विपक्षी दल बनाने का श्रेय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को ही दिया जाता है। भले ही वे अब अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन बंगाल की राजनीति में उनका प्रभाव आज भी कायम है। ऐसे में बंगाल सीएम की रेस में वो एक मजबूत विकल्प हो सकते हैं।

***समीक भट्टाचार्य-***
बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य को पार्टी में सबको साथ लेकर चलने वाले नेता के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पर्दे के पीछे रहकर बीजेपी के विस्तार में बड़ी भूमिका निभाई है। ऐसे में बीजेपी उन्हें भी बंगाल की कमान सौंप सकती है।

***अग्निमित्रा पॉल-***
पेशे से फैशन डिजाइनर अग्निमित्रा पॉल बीजेपी की एक बेबाक नेताओं में से एक हैं। उन्होंने इस चुनाव में अपनी आसनसोल दक्षिण सीट बरकरार रखी है। अगर बीजेपी राज्य में महिला सीएम चुनती है तो अग्निमित्रा उनकी पसंद हो सकती हैं।

***रूपा गांगुली-***
पूर्व राज्यसभा सांसद और सोनारपुर दक्षिण से विधायक रूपा गांगुली ने महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में जमीनी स्तर पर भी काम किया है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए बीजेपी उन्हें बंगाल का मुख्यमंत्री बनाने पर विचार कर सकती है।

## आईपीएल मैच पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा दुर्ग पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

दुर्ग, 05 मई (हाईवे चैनल)। आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, नगदी, स्कूटी और सट्टा संचालन से जुड़ी सामग्री सहित कुल 1.29 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जप्त की गई है।

सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस के अनुसार 3 मई की रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गया नगर परेतीन चौक स्थित हर्ष राजपूत के खाली दुकान में आईपीएल टी-20 मैच गुजरात टाइटंस और पंजाब के बीच खेले जा




रहे मुकाबले पर मोबाइल फोन के माध्यम से हार-जीत का दांव लगाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है।

सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने साइबर सेल टीम के साथ मौके पर दबिश दी। दुकान के भीतर तीन व्यक्ति मोबाइल पर मैच देखते हुए लोगों से फोन पर संपर्क कर ऑनलाइन सट्टा संचालित करते मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हर्ष राजपूत (24 वर्ष), निवासी गया नगर दुर्ग, शुभम चंदेल (22 वर्ष), निवासी शिवपारा दुर्ग तथा मोहम्मद ईरफान उर्फ राजा (38 वर्ष), निवासी तकियापारा दुर्ग बताए।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोबाइल फोन में जलवा 247 एप के माध्यम से लोगों से ऑनलाइन सट्टा खिलाते थे और हार-जीत की रकम लाइनदार कॉपी में दर्ज करते थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 मोबाइल फोन, 28,800 रुपये नगद, एक स्कूटी, दो लाइनदार कॉपी, एक कैलकुलेटर, एक स्केल, सट्टा पट्टी और डॉट पेन जप्त किया। जप्त सामग्री की कुल कीमत 1,29,200 रुपये बताई गई है।

## मुझे मारा और पीटा गया : ममता

### बीजेपी की प्रचंड जीत के बीच ममता बनर्जी का सीआरपीएफ और बीजेपी पर सनसनीखेज आरोप

कोलकाता, 05 मई (हाईवे चैनल)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम आ गया है। बीजेपी की भगवा आंधी में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ताश की पत्तों की तरह उड़ गई। बीजेपी ने 206 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई। यहां तक की खुद भवानीपुर सीट से सीएम ममता बनर्जी को सुवेंदु अधिकारी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बीच ममता बनर्जी ने सीआरपीएफ और बीजेपी पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। ममता बनर्जी ने बंगाल चुनाव के लिए सुरक्षा में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों पर मारने और पीटने का आरोप लगाया। वहीं बीजेपी पर वोट चोरी कर 100 सीट चोरी करने का आरोप लगाया है। दरअसल बंगाल चुनाव की सबसे हाईवोल्टेज सीट भवानीपुर विधानसभा सीट से सीएम ममता बनर्जी और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुवेंदु अधिकारी ने चुनाव लड़ा। 4 मई को मतगणना के दौरान सखावत मेमोरियल काउंटिंग सेंटर पर जमकर बवाल देखने को मिला।



ममता बनर्जी और सुवेंदु अधिकारी दोनों एक ही समय काउंटिंग स्थल पहुंच गए। इससे स्थिति तनाव वाली हो गई। इस दौरान ममता बनर्जी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय बलों ने मुझे भी अंदर जाने नहीं दिया। यह पक्षपात है। आप सीआरपीएफ को देख सकते हैं। उन्होंने मुझे धक्का दिया और मारा। सीआरपीएफ के ठीक सामने। उन्होंने हर जगह गुंडे लगाए हैं। मैं उम्मीदवार हूं, फिर भी उन्होंने मुझे अंदर नहीं जाने दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा दानवों की पार्टी है। उसने मेरी 100 से ज्यादा सीटें लूट ली है।

## व्यवसायिक परीक्षा मंडल का हुआ विलय, कर्मचारी चयन मंडल का गठन, रेणु पिल्ले बनीं पहली अध्यक्ष

रायपुर, 05 मई (हाईवे चैनल)। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के गठन का आदेश जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल का विलय नए कर्मचारी चयन मंडल में कर दिया गया है।

राज्य शासन के आदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी रेणु जी. पिल्ले (1991 बैच) को आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का



अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रही हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नई जिम्मेदारी के साथ रेणु पिल्ले माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त प्रभार का कार्य भी यथावत जारी रखेंगी। इस निर्णय के बाद राज्य में भर्ती एवं चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य अब नए गठन किए गए मंडल के अंतर्गत संचालित होंगे।

## छत्तीसगढ़ के निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को राहत

### झारखंड शराब घोटाले में हाईकोर्ट ने दी जमानत

रायपुर, 05 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के निलंबित आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। झारखंड शराब घोटाला मामले में कथित संलिप्तता के आरोपों का सामना कर रहे टुटेजा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस पीपी साहू की बेंच ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर यह राहत दी है, लेकिन इस राहत के साथ



कई शर्तें भी लगाई हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम का माहौल काफी गर्म रहा। एक तरफ अनिल टुटेजा के वकीलों ने इसे एवरग्रीन अरेस्ट की साजिश करार दिया। उनका तर्क था कि जैसे ही एक मामले में जमानत मिलने वाली होती है, एजेंसियां नया केस थमा देती हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए टुटेजा को चावल मिलिंग, डीएमएफ और कोयला घोटाले का मास्टरमाइंड बताया गया। सरकार का दावा है कि रायपुर में बैठकर झारखंड की आबकारी नीति बदलने की साजिश रची गई थी। टुटेजा पिछले 2 साल से जेल में हैं, फिर भी ईओडब्ल्यू ने इस नए मामले में उनसे पूछताछ क्यों नहीं की? झारखंड पुलिस ने खुद अपनी एफआईआर में टुटेजा को आरोपी तक नहीं बनाया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच एजेंसी के पास फिलहाल कोई ऐसा ठोस डिजिटल सबूत या वित्तीय लेनदेन का प्रमाण नहीं है जो टुटेजा को सीधे झारखंड के अफसरों से जोड़ता हो।

## शिक्षण संस्थानों को ड्रग फ्री जोन बनाने का दायरा बढ़ाकर किया 500 मीटर

### तंबाकू युक्त सामग्रिया बेचने वालों के बीच मचेगी खलबली

रायपुर, 05 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों को रोकने के लिए गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में शिक्षण संस्थानों को ड्रग फ्री जोन बनाने का दायरा 5 गुना बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया है।

नया नियम पान ठेला संचालकों और तंबाकू की बिक्री करने वाले कारोबारियों के लिए झटका होगा, क्योंकि दायरा बढ़ने के बाद आबादी वाले अधिकांश इलाकों में तंबाकूयुक्त सामग्रियों की बिक्री नहीं हो सकेगी। गौरतलब है कि वर्तमान में अधिकांश किराना दुकानों और पान ठेलों में बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू के अलावा बड़े पैमाने पर गुटखे की बिक्री होती है। अमूमन गुटखा के साथ तंबाकू का पाउच भी बेचा जाता है। आने वाले समय में इनकी बिक्री अब स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में रुक जाएगी। राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य



में मादक पदार्थों की तस्करी और नशाखोरी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफीम की अवैध खेती और ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की दूसरी तिमाही की बैठक में उन्होंने विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की।

### निगरानी और तस्करी पर अंकुश

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, डाक विभाग और निजी कूरियर सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने परिवहन और कूरियर सेवाओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात कर उनकी नीलामी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही, अवैध रूप से संचालित केमिकल ड्रग प्रयोगशालाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध तत्काल छापेमारी और निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

### शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा

बैठक में युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को ड्रग मुक्त क्षेत्र घोषित कर वहां सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने जब्त किए गए मादक पदार्थों के विनिष्टीकरण की प्रक्रिया को भी तेज करने को कहा।

### पहले 100 मीटर था दायरा

बता दें कि इससे पूर्व शिक्षण संस्थानों की ड्रग फ्री जोन बनाने का दायरा 100 मीटर था। अब इसे बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया है। ऐसा करने से शहरी क्षेत्र में अधिकांश इलाके इसके दायरे में आ जाएंगे, क्योंकि शहरों प्राय: आसपास कई स्कूल संचालित होते हैं। ऐसे में 500 मीटर याने आधे किलोमीटर के दायरे या फिर उसके आसपास स्कूल मिल ही जाएंगे। नए नियम का कड़ाई से पालन कराया जाए तो कई इलाके ही ड्रग फ्री जोन बन जाएंगे।

## केएमपी एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा यूपी पुलिस के 5 जवानों की मौके पर ही मौत

नूंह, 05 मई (हाईवे चैनल)। कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह दस बजे हुआ।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया। मरने वाले पांचों पुलिसकर्मी बताए गए हैं, जो उत्तर प्रदेश के जालौन में तैनात थे। बता दें कि एक स्कॉर्पियो कार पलवल की ओर से आ रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान गाड़ी असंतुलित हो गई और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। क्षतिग्रस्त वाहन में शव बुरी तरह फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल को काफी मशक्कत करनी



पड़ी। मौके पर एंबुलेंस बुलाकर राहत एवं बचाव कार्य किया गया। तावडू सदर थाना प्रभारी शीशराम के अनुसार, हादसे में मृत सभी लोग उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान थे,जो जालौन जिले में तैनात थे। इस संबंध में जालौन,उत्तर प्रदेश के पुलिस अधीक्षक से भी संपर्क कर लिया गया है। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त और अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।